C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सायं 7:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 295 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 23 मई 2024

बैंगलोर और राजस्थान के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रेलवे सुरक्षा कर्मियों को जान से मारने की धमकी

**हल्द्वानी।** नशे की हालत में जीआरपी चौकी काठगोदाम में घुसे एक नशेड़ी ने सिपाहियों से अभद्रता कर दी। इतना ही नहीं उसने सिपाहियों को झूठे केस में बंद करवाने और जान से मारने की धमकी भी दे डाली। जीआरपी सिपाहियों ने उसे पकड़ने की कोशिश भी लेकिन वह भीड़ का फायदा उठा कर मौके से भाग निकला। जीआरपी के सिपाही की ओर से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जीआरपी काठगोदाम चौकी में तैनात धर्मेन्द्र सिंह यादव ने जीआरपी थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा है कि वह रात्रि में चौकी में ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान एक नशेड़ी जबरन चौकी में घुस आया और अभद्रता करने लगा। उसने अपने साथी गोविन्द बल्लभ को आवाज देकर चौकी में बुला लिया। जिसके बाद दोनों को धमकाने लगा और खुद को इरशाद अहमद बताते हुए कहा कि उसने पहले वाले दरोगा दिनेश मीना को सीबीआई से ट्रेप करवाया। आरोप है कि वह रेलवे स्टेशन को खुद की संपत्ति बताने लगा और सभी को झूठे केस में फसाने की धमकी देने लगा। जब उसे पकड़ने की कोशिश की गई तो उसने कुछ दूर खड़े अपने साथियों को बुला लिया और चौकी जलाने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से भाग निकला।

### एक अदद चाकू समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। वनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध हालत में आ रहे युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम जुबैर पुत्र मोवीन निवासी नूरी मस्जिद के पास बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# रील्स और वीडियो बनाना पड़ा भारी, 15 का हुआ चालान

देहरादून/चमोली
हमारे संवाददाता

बदरीनाथ धाम में मोबाइल से रील और वीडियो बनाने हुए पुलिस ने 15 यात्रियों को पकड़ा। पुलिस ने सभी के मोबाइल जब्त कर लिए। करीब आठ घंटे बाद सबका 500-500 रुपये का चालान कर मोबाइल लौटा दिए।



बदरीनाथ धाम मंदिर परिसर में बुधवार को रील और वीडियो बनाना 15 लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने सभी का चालान कर दिया और आठ घंटे तक उनके मोबाइल जब्त रखे। प्रदेश सरकार ने चारों धामों में मंदिर परिसर में 50 मीटर के दायरे में रील बनाने और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। बुधवार को बदरीनाथ मंदिर परिसर में मोबाइल से रील और वीडियो बनाने हुए पुलिस ने 15 यात्रियों को पकड़ा। पुलिस ने सभी के मोबाइल जब्त कर लिए। करीब आठ घंटे बाद सबका 500-500 रुपये का चालान कर मोबाइल लौटा दिए। कोतवाल नवनीत भंडारी ने बताया, मंदिर परिसर में रील बनाने वालों में बंगाल, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य क्षेत्रों के यात्री शामिल थे। उन्होंने कहा, यदि स्थिति नहीं संभली तो रील और वीडियो बनाने वालों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय में चारधाम यात्रा को लेकर डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा, मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में केवल दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को जाने दिया जाए। कहा, मंदिर परिसर में अनावश्यक रील, सोशल मीडिया कंटेंट बनाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। यात्रा मार्ग पर वाहनों के आवागमन के लिए गेट सिस्टम तैयार किया जाए, ताकि क्षमता से अधिक भीड़ न हो। कहा, यात्रियों के लिए चिह्नित किए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया जाए। श्रद्धालुओं को जहां रोका गया है, वहां रोके जाने की अवधि और रास्ता खुलने का समय निश्चित किया जाए और इसकी जानकारी यात्रियों को दी जाए।

कहा, केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में चलने वाले खच्चरों के आवागमन के समय को भी निर्धारित किया जाए। इस दौरान केदारनाथ और यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर शेड बनाने पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग कर बिना पंजीकरण यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं, ट्रैवल एजेंसी और ड्राइवर के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने दी ये सलाह

# बिना पंजीकरण यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री लौटाए जाएंगे

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी भेजी। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी राज्य के तीर्थ यात्री बिना पंजीकरण आते हैं तो उन्हें चेकिंग के बाद रोक दिया जाएगा।

बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को लौटाया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी जारी की है। चारधाम यात्रा के लिए उमड़ी भारी भीड़ की वजह से सरकार को व्यवस्थाएं बनाने में मुश्किलें हो रही हैं। अब तक चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो चुका है। चारों धाम में भारी भीड़ को देखते हुए सरकार ने पंजीकरण का सख्ती से अनुपालन शुरू कर दिया है। इस कड़ी में बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी भेजी। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी राज्य के तीर्थ यात्री बिना पंजीकरण आते हैं तो उन्हें चेकिंग के बाद रोक दिया जाएगा। ऐसे तीर्थ यात्रियों को लौटा दिया जाएगा। उन्होंने ये भी अनुरोध किया है कि जो भी चारधाम यात्रा पर आना चाहते हैं, वह पंजीकरण में जो तिथि मिली है, उसी पर आएं। इससे चारधाम यात्रा प्रबंधन में राज्य सरकार को आसानी होगी। उन्होंने सभी टूर ऑपरेटरों व ट्रैवल एजेंटों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वह यात्रा शुरू करने से पहले पंजीकरण जांच लें। ताकि उन्हें बाद में परेशानी न हो। उन्होंने राज्यों से अनुरोध किया है कि वे सभी तीर्थ यात्रियों को इसके प्रति जागरूक करें।




### 31 लाख से अधिक पंजीकरण

चारधाम यात्रा के लिए अब तक 31 लाख 18 हजार 926 पंजीकरण हो चुके हैं। केदारनाथ के लिए 10 लाख 37 हजार 700, बदरीनाथ के लिए नौ लाख 55 हजार 858, गंगोत्री के लिए पांच लाख 54 हजार 656 और यमुनोत्री के लिए चार लाख 86 हजार 285 पंजीकरण हुए हैं। वहीं, हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए अब तक 84 हजार 427 पंजीकरण हो चुके हैं।

# विधायक शिव ने सीएम से की पंतनगर एयरपोर्ट पर मुलाकात

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

गुरुवार को पंतनगर आगमन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का एयरपोर्ट पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने रुद्रपुर क्षेत्र से जुड़े कई विकास के विषयों पर चर्चा की। विधायक ने मुख्य रूप से बहुप्रतिक्षित मार्ग रुद्रपुर क्षेत्र मे जाम की समस्या को देखते हुए मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य को धरातल पर उतराने की मांग रखी। वही एक नए इंटर कॉलेज का निर्माण जिसका प्रस्ताव शासन स्तर पर पहुंच चूका है और जमीन हस्तांरण कार्य प्रकिया में है। इसके साथ ही विधायक ने क्षेत्र मे एक भव्य सुंदर पार्क निर्माण को लेकर भी मुख्यमंत्री धामी के समक्ष प्रस्ताव रखा। केंद्रीय विद्यालय निर्माण जो रुद्रपुर क्षेत्र मे प्रस्तावित है उसकी प्रकिया को आगे बढ़ाने की बात की। मुख्यमंत्री धामी ने विधायक को अश्वस्त किया कि सभी कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराने का कार्य किया जायेगा। उत्तराखंड में विकास कार्य तेज गति से हुए ओर रुद्रपुर क्षेत्र मे भी विकास कार्य मे तेजी आई है। लोकसभा चुनाव पर कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व मे भाजपा पहले से भी बड़े अंतर से उत्तराखंड की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, लोकसभा सयोजक विवेक सक्सेना, धीरेन्द्र मिश्रा, मयंक कक्कड़, अभिषेक सक्सेना आदि ग मौजूद रहे।



# अनियंत्रित होकर पलटी बस, 24 यात्री थे सवार, एक घायल

देहरादून/चमोली
हमारे संवाददाता

हनुमान चट्टी से ढाई किलोमीटर आगे बेनाकुली के पास एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला घायल हो गई। बताया जा रहा है बस में 24 लोग सवार थे।



हनुमान चट्टी से ढाई किलोमीटर आगे बेनाकुली के पास एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला घायल हो गई। बताया जा रहा है बस में 24 लोग सवार थे। सूचना पर चौकी हनुमान चट्टी/कोतवाली श्री बद्रीनाथ से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, 23 मई को 5:30 डीसीआर के माध्यम से कोतवाली श्री बद्रीनाथ सूचना मिली कि हनुमान चट्टी से ढाई किलोमीटर आगे बेनाकुली के पास वाहन संख्या च-08-क्र-1335 (महिंद्रा मिनी बस) अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई है। सूचना पर चौकी हनुमान चट्टी/कोतवाली श्री बद्रीनाथ से पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो पता चला कि बस में 24 लोग सवार थे जो उड़ीसा के रहने वाले हैं। वे श्री बद्रीनाथ से दर्शन कर वापस जा रहे थे। दुर्घटना में एक महिला जोशना को हल्की-फुल्की चोटे आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुकेश्वर भेज दिया गया है। बाकि सभी यात्री ठीक हैं। जिन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है।

### अफरातफरीः अस्पताल की चौथी मंजिल के वार्ड में सीधे वाहन लेकर घुस गई पुलिस

**ऋषिकेश।** एम्स ऋषिकेश के इतिहास में ऐसी पहली घटना घटी, जिससे हर कोई हैरान है। पुलिस का वाहन अचानक चौथी मंजिल के वार्ड में घुस गया, जिससे यहां मरीजों में हड़कंप मच गया। मरीजों के बेड के बीचों-बीच से गति से पुलिस का वाहन गुजरा।

दरसअसल, एम्स में एक नर्सिंग ऑफिसर ने ऑपरेशन के दौरान महिला चिकित्सक से छेड़खानी की। घटना से जेआर व एसआर आक्रोशित हो गए और आरोपी को गिरफ्तार कर उनके सामने से ले जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान पुलिस को आरोपी को अभिरक्षा में लेने के लिए करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एम्स प्रशासन ने चिकित्सक को निलंबित कर दिया है।

# हड़कंपः रुद्रपुर में आयकर विभाग ने मारा छापा, लखनऊ से छह गाड़ियों में पहुंची टीम

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

शहर में कई व्यापारियों के ऑफिस और आवास पर इनकम टैक्स विभाग कार्रवाई से हड़कंप मच गया। अधिकारी अपने साथ पुलिस फोर्स को लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने दस्तावेज समेत अन्य कागजात और कम्प्यूटर भी कब्जे में लिए। मौके पर व्यापारियों का भी जमघट लग गया।



गुरुवार को गल्ला मंडी में स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट में छह गाड़ियों में इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने मार्ट के बाहर पुलिस तैनात कर दी और अधिकारियों ने दस्तावेज खंगालने शुरू कर दिए। इनकम टैक्स की कार्रवाई की खबर लगते ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी और राजनीतिक दल के लोग पहुंच गए। इनकम टैक्स विभाग की अचानक कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रौनक नारंग के पिता गुलशन नारंग है।

सूत्रों के मुताबिक एक टीम नारंग के आवास पर भी पहुंची। सूत्र बताते हैं कि नारंग के पार्टनर के घर एलायंस कालोनी में भी टीम ने कार्रवाई की है। उधर काशीपुर रोड विनायक प्लाईवुड कंपनी में भी छापेमारी की। समाचार लिखे जाने इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई जारी थी। सूत्र बताते हैं कि इनकम टैक्स विभाग ने राज्य की सीमा लगे यूपी के शहर में छापेमारी की

# कुमाऊं विवि में व्याख्यान माला का विशेष आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता




कुमाऊं विश्वविद्यालय के बुरांश सभागार में बुधवार को स्वामी विवेकानंद पीठ के तत्वाधान में ब्रिजिंग द गैप अन्सिएंट थॉट, मॉडर्न लाइफ विषयक स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला का विशेष आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यूयॉर्क की वेदांत सोसाइटी के प्रमुख स्वामी सर्वप्रियानंद, प्रसिद्ध नेतृत्व वक्ता एवं प्रशिक्षक डॉ0 राधाकृष्णन पिल्लई तथा निदेशक आईक्यूएसी प्रो0 संतोष कुमार एवं रामकृष्ण संप्रदाय के भिक्षु स्वामी वेदनिष्ठानंद द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरम्भ में इंटीग्रेटेड बीएड की छात्राओं द्वारा कुलगीत एवं स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति की गई, तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद पीठ के सचिव प्रो0 अतुल जोशी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विवेकानंद पीठ के कार्यों के सन्दर्भ में प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय एवं एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बनाई गई स्वामी विवेकानंद का यात्रा परिपथ नामक वृत्तचित्र फि ल्म का प्रदर्शन किया गया।

व्याख्यान माला में मुख्य अतिथि न्यूयॉर्क की वेदांत सोसाइटी के प्रमुख स्वामी सर्वप्रियानंद ने सरल और मनोरंजक ढंग से विद्यार्थियों को विवेकानंद के व्यक्तित्व व जीवन आदर्शों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी के संधि काल में भारत के जिन तेजस्वी व्यक्तित्वों ने देश के गौरव को कीर्ति शिखरों तक पहुंचाया और भारतीय जनता की सामाजिक तथा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्राण पण से प्रयत्न किया उनमें वीर संन्यासी विवेकानंद सबसे अलग और विलक्षण हैं। ऐसा ओज, ऐसी भव्यता और धज कि उनके निकट जाने पर वे पहली बार में ही मोह लेते थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक आईक्यूएसी प्रो0 संतोष कुमार ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में भारतीय आध्यात्म और संस्कृति को पूरे विश्व के सामने प्रतिष्ठित किया। वे चाहते तो अमेरिका में पाश्चात्य परिधान धारण कर अपना व्याख्यान दे सकते थे लेकिन उन्हे अपनी संस्कृति पर गर्व था इसलिए उन्होंने भगवा वस्त्र धारण करके ही विश्वप्रसिद्ध व्याख्यान दिया था। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढी को देश की संस्कृति के प्रति गौरव का भाव रखते हुए अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हे हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। यही स्वामी विवेकानन्द का संदेश है।

अपने सम्बोधन में प्रसिद्ध नेतृत्व वक्ता एवं प्रशिक्षक डॉ0 राधाकृष्णन पिल्लई ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि व्यक्ति जैसा सोचता है वैसा हो जाता है। अतः जीवन में हमेशा सकारात्मकता का भाव रखते हुए नकारात्मकता को दूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने छोटे से जीवन में जो मानव कल्याण के कार्य और राष्ट्र धर्म का प्रचार किया उसने सम्पूर्ण विश्व को आश्चर्यचकित किया है। हमें गर्व होना चाहिए कि ऐसे व्यक्ति ने भारत भूमि में जन्म लिया था। प्रत्येक भारतवासी उनके आदर्शों के माध्यम से अपनी प्राचीन उत्कृष्ट संस्कृति के प्रति गौरवबोध का अनुभव कर सकें ।

व्याख्यान माला में रामकृष्ण संप्रदाय के भिक्षु स्वामी वेदनिष्ठानंद ने कहा कि विवेकानंद सिर्फ एक व्यक्ति न होकर एक ऐसा राष्ट्र.प्रतीक है जिसमें सैकड़ों धधकती बिजलियां जिनमें समा गई हों और इसीलिए उनके शब्द भीतर से हमें जगाते और कई इसीलिए उनके शब्द भीतर से हमें जगाते और कई बार नींद से झिंझोड़ते हुए,से लगते हैंए विवेकानंद का मतलब ही हैए जागृति। उनके हर शब्द से मानो एक ही गूंज उठती है।

उत्तिष्ठित जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत और इसीलिए निराशा और गुलामी के अंधेरे में सोए देश को जगाने के लिए जितना काम अकेले विवेकानंद ने किया उतना सैकड़ों लोग मिलकर भी नहीं कर सके। इस अवसर पर डॉ0 जीवन उपाध्याय, डॉ0 विनोद जोशी, डॉ0 भूपेश चंद्र पंत, डॉ0 अशोक उप्रेती, शिखा रतूड़ी, डॉ0 पूजा जोशी, श्रीमती अंकिता आर्या तथा पंकज भट्ट आदि उपस्थित रहे।



## केएमवीएन ने यात्रियों का जूस पिलाकर स्वागत किया

पिथौरागढ़/नैनीताल

हमारे संवाददाता

आदि कैलाश यात्रा काठगोदाम एक्सप्रेस तृतीय दल बुधवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ पहुंचा। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों का माला पहनाकर व जूस पिलाकर स्वागत किया। यात्रियों ने दिन का भोजन आवास गृह मे किया। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी के पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया।

इस दौरान दिनेश गुरुरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाते हुए उच्च हिमालय क्षेत्र में काला पानी ए नाभीढांग व जौलिंगकौग में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए। यात्रियों ने दिनेश गुरु रानी की पहल का स्वागत किया। तथा कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि वह हिमालय क्षेत्र में पौधारोपण कर रहे हैं । यात्रियों ने कहा कि वह यात्रा पूरी करने के उपरांत अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। यात्री दल में तीन महिला व दो पुरुष शामिल हैं। यात्रा दल के कोऑर्डिनेटर गोकुल कुमार रहे जबकि स्वागत करने वालों में वेद प्रकाश, हरसिंह, शेर सिंह तथा गोपाल, विजय बोरा, रचना, सौरव खोलिया सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन तथा एलआईसी व बैंक की टीमों ने किया अगले चक्र में प्रवेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में एजी हाईकोर्ट आफिशियल क्लब नैनीताल के तत्वावधान में नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में खेली जा रही 12वीं ज्यूडीशियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता-2024 में बुधवार को होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन तथा एलआईसी व बैंक की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के तहत प्रथम मुकाबला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन बनाम राजकीय पॉलिटेक्निक के बीच खेला गया। टॉस जीतकर प्रथम बल्लेबाजी करते हुए होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर में 6 ओवर में 188 रनों की अर्चना की। टीम के लिए सर्वाधिक रन बिलाल अहमद ने 70 और रोहित ने 48 रन बनाए। राजकीय पॉलिटेक्निक की तरफ से अमित ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजकीय पॉलिटेक्निक की टीम 20 ओवर में केवल 128 ही रन बना पायी। टीम के लिए सुमित ने सर्वाधिक 83 रन जुटाए जबकि होटल एंड रेस्टोरेंट की तरफ से महबूब ने चार विकेट लिए। मैच के निर्णायक अब्बास और श्री परिहार रहे जबकि स्कोर धीरज पांडे रहे।

प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला एलआईसी और बैंक तथा जल संस्थान के बीच खेला गया। जल संस्थान के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट गवाकर 112 रनों की अर्जन की,टीम के लिए सर्वाधिक रन अनिल ने 40 दिए जबकि एलआईसी की तरफ से कृष्ण ने 4 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलआईसी की टीम 14 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य का पीछा कर लिया। टीम के लिए चंदन ने 45 और विशाल 39 रन बनाए। जल संस्थान की तरफ से अर्जुन ने दो तथा मोहन ने एक विकेट लिया। मैच के अंपायर मोहित बिष्ट और सचिन तथा स्कोरर जनक बिष्ट रहे। इस बीच आयोजक समिति के जेके लखेड़ा समेत रवि प्रकाश जोशी,दीप कुंवर,मोहित बिष्ट, सचिन तथा धीरज पांडे आदि खिलाड़ी प्रतियोगिता को सफल बनाने में जुटे रहे।

## NEWS / फटाफट

### पति से विवाद के बाद पत्नी नैनी झील कूदी

**नैनीताल।** तल्लीताल क्षेत्र में पति से विवाद के बाद पत्नी नैनी झील में कूद गई। राहगीरों व पुलिस की सक्रियता के चलते महिला को झील से निकालकर बचा लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह साढ़े आठ बजे तल्लीताल निवासी एक महिला ठंडी सड़क बोट स्टैंड के समीप आकर नैनी झील में कूद गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे चीता कांस्टेबल शिवराज सिंह राणा व अन्य राहगीरों ने झील में कूद महिला को निकाल लिया। जिसके बाद महिला को थाने में ले आए। जहां महिला के पति को भी बुलाया गया। महिला ने पूछताछ में बताया कि पति उसको रोज बेवजह परेशान करता है। बुधवार की सुबह भी पति की ओर से बेवजह उससे झगड़ा किया जिसके परेशान होकर उसको यह कदम उठाना पड़ा वहीं पति की ओर से बताया गया कि उसने सुबह पत्नी से जल्दी उठने को कहा जिसके चलते उनका विवाद हो गया। मामले में एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि महिला के दो छोटे बच्चे हैं। थाने में महिला व उसके पति की काउंसलिंग की गई जिसके बाद दोनों को उनके घर वापस भेज दिया।

### राजकीय शिक्षक संघ की विद्यालय शाखा इकाई का गठन

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रौशील में शिक्षा सत्र 2024- 25 के लिए बुधवार को राजकीय शिक्षक संघ की विद्यालय शाखा इकाई का गठन किया गया। बता दें कि राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री डॉ. कन्नू जोशी के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से सुंदर प्रकाश आर्य को अध्यक्ष तथा नवीन चंद्र भट्ट को शाखा मंत्री चुना गया। इसके अतिरिक्त डॉ. संजय धनिक तथा सावित्री पांडे को उपाध्यक्ष जबकि नरेंद्र नाथ को कोषाध्यक्ष तथा प्रताप सिंह कुल्याल को संयुक्त मंत्री तथा चंद्रशेखर जोशी को आय व्यय निरीक्षक चुना गया। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ नैनीताल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हेम त्रिपाठी ने सभी नवनिर्वाचित साथियों को बधाई देते हुए एकजुट रहने की अपील की। विद्यालय शाखा इकाई ने सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने तथा शीघ्र ही सभी स्तर की पदोन्नति सूची निर्गत करने की मांग की। इस अवसर पर डॉ. सुरेश राय, इसरार अहमद, दिनेश प्रसाद, ममता पांडे, नित्यानंद कांडपाल तथा आभा वर्मा, डॉ. कन्नू जोशी तथा महेंद्र चिलवाल तथा हेम त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## चाय बनाते समय फटा सिलिंडर, एक महिला झुलसी, तीन घायल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के पीलीकोठी जगदंबा विहार कॉलोनी में चाय बनाते समय अचानक सिलिंडर फट गया। तेज धमाके के साथ फटे सिलेंडर से लगी तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना से एक महिला झुलस गई।

पीलीकोठी जगदंबा विहार कॉलोनी में चाय बनाते समय अचानक सिलिंडर फट गया। तेज धमाके के साथ फटे सिलेंडर से लगी तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना से एक महिला झुलस गई। दो बच्चे और एक महिला सिलिंडर के अवशेष शरीर में लगने से घायल हो गईं। घरवालों ने स्थानीय लोगों की मदद से एक घंटे में आग पर काबू पाया। झुलसी महिला का इलाज चल रहा है जबकि तीन घायलों को छुट्टी दे दी गई। पीलीकोठी में जगदंबा विहार कॉलोनी में राम अवतार पाल परिवार के साथ रहते हैं। राम अवतार



के छोटे बेटे सुभाष पाल ने बताया कि बुधवार को घर में पूजा-पाठ होनी थी। शाम करीब 4ः30 बजे परिवार की महिलाएं घर के निचले तल पर बने किचन में चाय बना रही थी कि तभी अचानक सिलिंडर में आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आग फैलने लगी और कुछ ही देर में जोरदार धमाके के साथ सिलिंडर फट गया। सिलिंडर की आग से किचन में रखे फ्रिज का कंप्रेशर फट गया। अग्निकांड में सुभाष की भाभी मंजू पाल (35) पत्नी दिनेश पाल बुरी तरह झुलस गईं। वहीं, रूपा पाल (32) पत्नी हरीश पाल, भांजा आदित्य (12) और पीयूष (8) सिलिंडर के टुकड़े शरीर में लगने से घायल हो गईं। महिलाओं और बच्चों की चीखपुकार सुन दौड़े अन्य लोगों ने किसी तरह सभी को बाहर निकालकर मुखानी स्थित निजी अस्पताल भिजवाया। देखते-देखते आग ने तीन मंजिल भवन को अपनी चपेट में ले लिया। आनन-फानन में परिवार के अन्य लोगों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों के नुकसान की आशंका है। सीएफओ गौरव किरार का कहना है कि घटना की सूचना उन्हें सवा पांच बजे मिली और फौरन टीम मौके पर भेज दी गई थी। हालांकि तब तक आग बुझ गई थी।

सिलिंडर फटने के कारण हुआ धमाका इतना भीषण था कि कॉलोनी में भी खलबली मच गई। धमाके से घर की एक दीवार में भारी दरार के साथ छत की सरिया नजर आ गई। गनीमत रही कि दीवार गिरी नहीं वरना जान-माल का नुकसान बढ़ सकता था। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## सड़क हादसे में घायल रोडवेज कंडक्टर को दें आर्थिक मदद

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल रोडवेज परिचालक को आर्थिक मदद दिलाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल ने आरएम संचालन को प्रार्थना पत्र सौंपा है। कांडपाल ने बताया कि काठगोदाम डिपो की बस दिल्ली से लौटते वक्त बीती चार मई को रुद्रपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।



हादसे में डिपो के विशेष श्रेणी वाले परिचालक केदार जोशी समेत तमाम यात्री घायल हो गये थे। गंभीर रूप से जख्मी परिचालक केदार का मुखानी स्थित निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसके इलाज में काफी खर्चा हो रहा है। कांडपाल ने कहा कि मुख्यालय से हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक-परिचालक को आर्थिक सहायता दिये जाने के निर्देश दिये गये थे। इसके बावजूद परिचालक केदार को मात्र 50 हजार रुपये ही इलाज के लिए दिये गये हैं। उन्होंने परिचालक को नियमानुसार तय राशि आर्थिक सहायता के तौर पर मुहैया कराने की मांग की है। इधर काठगोदाम डिपो इंचार्ज ने बताया कि हादसे के तत्काल बाद परिचालक को उपचार के लिए 50 हजार की सहायता प्रदान कर दी गई थी। निगम प्रबंधन से हादसे के बाद मिलने वाली राशि के बाबत एआरएम आफिस को कागजात भेज दिये गये हैं। इस मामले में मुख्यालय स्तर से ही कार्यवाही होनी है।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# अभिमत

## हिंसक चित्रण

***लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। कनाडा में आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों से भारत अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। कनाडा सरकार से बार-बार शिकायत करने पर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर भारत को खुद आतंकियों का खात्मा करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ऐसा करने पर कनाडा सरकार को आपत्ति होगी। अमेरिका और कनाडा में आतंकियों की हत्या की गई है, हालांकि आतंकी संगठनों में वर्चस्व की रंजिश के तहत हत्यायें हुई हैं, लेकिन वहां की सरकार स्वीकार नहीं कर रही है।***

आतंकवादी संगठनों को भारत ने कभी संरक्षण नहीं दिया। किसी भी देश में आतंकवादी घटना होने पर भारत हरसंभव मदद के लिए सबसे पहले कदम उठाता है। आतंकवाद का सबसे अधिक नुकसान भारत को उठाना पड़ा है। अस्सी के दशक में खालिस्तानी आतंकवाद का संचालन ब्रिटेन और कनाडा में बैठे सरगना कर रहे थे। करीब दो दशक तक खालिस्तानी आतंकियों ने कहर बरपाया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह, सेना व पुलिस के अधिकारी और जवान समेत सैकड़ों लोग आतंकवाद की बलि चढ़ गये। ब्रिटेन और कनाडा सरकार ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। भारत की सेना ने सीमा के साथ ही आंतरिक सुरक्षा पर मोर्चा संभाला और खालिस्तान आतंकवाद पर नियंत्रण किया। लगभग दो दशक बाद कनाडा की जमीन से पुनः आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। कनाडा के माल्टन में झांकियों के माध्यम से हिंसक चित्रण किये जा रहे हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा सरकार से कहा है कि वह अपने देश में आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक जगह देना बंद करे। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर लगाये गये हैं। कनाडा में आतंकवादियों के गैंग द्वारा फोन पर धमकी और धन वसूली की जा रही है। उत्तराखंड के काशीपुर में स्टोन क्रशर मालिक को धमकी दी गई और धन नहीं मिलने पर हत्या कर दी गई। भारत ने हमेशा यह कहा है कि हिंसा का जश्न मनाना और महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं है। लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। कनाडा में आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों से भारत अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। कनाडा सरकार से बार-बार शिकायत करने पर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर भारत को खुद आतंकियों का खात्मा करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ऐसा करने पर कनाडा सरकार को आपत्ति होगी। अमेरिका और कनाडा में आतंकियों की हत्या की गई है, हालांकि आतंकी संगठनों में वर्चस्व की रंजिश के तहत हत्यायें हुई हैं, लेकिन वहां की सरकार स्वीकार नहीं कर रही है। आतंकी संगठन भारत से गुमराह युवाओं को कनाडा बुलाकर प्रशिक्षण देने और भारत भेजकर हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे हैं। कनाडा सरकार मानने को तैयार नहीं है और वह वीजा देने में सख्ती बरतने का दावा कर रही है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा से कहा है कि वह ऐसे लोगों को वीजा न दे, जो कनाडा और भारत के लिए समस्या बनें। दरअसल भारत से समुदाय विशेष के युवाओं में कनाडा जाने का सिलसिला बढ़ा है।

# जिला योजना 2024-25 संरचना की तैयारी पर बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य अतिथि गृह सभागार में जिला योजना 2024-25 संरचना की तैयारी के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला योजना के तहत सामान्य में 5592.10 लाख, एससीएसपी अनुसूचित जातीय उप योजना के लिए 1347.30 लाख और टीएसपी जन जातीय उप योजना के लिए 81.10 लाख और कुल 7020.50 लाख की धनराशि प्रस्तावित की गयी।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जिला योजना के अंतर्गत निर्मित योजनाओं के रख रखाव हेतु धनराशि का प्राविधान करते समय मितव्यवता को ध्यान में रखने की बात कही। उन्होंने स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता बढ़ावा देने के लिए उद्यान, मत्स्य पालन तथा पशुपालन आदि विभागों और आजीविका से संबंधित कार्यों के प्रस्तावों को सम्मिलित करने को कहा जिससे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से अभिसरण और कल्सटर अप्रोच को बढ़ावा दिया जा सके। बताया कि रोजगार के ऐसे अवसरों का सृजन करने की जरुरत है जिससे भूमिहीन तथा छोटे किसानों व ग्रामीण उद्यमियों आदि को बेहतर लाभ मिल सके। उन्होंने योजनाओं के गहन परीक्षण के बाद अनावश्यक योजनाएं जिसकी उपायदेयता अब क्षेत्र के आवश्यक नहीं है उन्हें समीक्षा के बाद हटाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जल संस्थान, लघु सिंचाई तथा वन व पर्यावरण आदि विभागों में मरम्मत की योजनाओं पर धनराशि आवंटित करने से पूर्व निर्माण वर्ष और मरम्मत की पुनरावृत्तियों को आवश्यक रूप से संज्ञान में लाने के निर्देश दिए।

बताया कि जिला योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर किये जा रहे नवाचार कार्यक्रमों को लेना आवश्यक है जिससे लोगों को योजना का बेहतर लाभ मिलेगा। सफ ल अभिनव परियोजनाएं के अंतर्गत वेलनेस सेंटर का विकास, आयुष विकास तथा कौशल कार्यक्रम रोजगार परक योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे समेत नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आर्य समाज मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह मंत्रों के उच्चारण के साथ संपन्न

**नैनीताल।** प्रतिष्ठित आर्य समाज मंदिर का 150वॉ वार्षिकोत्सव समारोह गुरुवार को पूर्णाहुति,वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ संपन्न हुआ। बता दें कि पूर्णाहुति में मुख्य यजमान प्रदीप साह सपत्नीक यज्ञ में शामिल हुए जबकि अन्य यजमानों में रोहित गर्ग,अविनाश कंबोज तथा मधु गर्ग आदि रहे। यज्ञ के ब्रह्माचार्य अनुज शास्त्री ने यज्ञ की वैज्ञानिक व्यवस्था कर उन्हें अपने जीवन में उतारने का उपदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कंसल, मंजू कंसल, सुवर्चा कंसल, सुप्रिया कंसल,भारत लाल साह, जगदीश चंद्र लोहनी, मुकेश गुप्ता, कुसुम गुप्ता, हेमा रावत, सुमन नागपाल, सुशील नागपाल, नीरज रावत तथा नीरज गोस्वामी समेत कई राज्यों के आर्य समाज से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहयोग दिया। आर्य समाज के सचिव/मंत्री केदार सिंह ने वार्षिकोत्सव समारोह को सफल बनाने के लिए सभी की ओर से दिए गए योगदान के लिए उनका विशेष आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डा.किशन गुरुरानी ने किया।

## किशोर व किशोरियों के साथ जिला स्तरीय संवाद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में विमर्श संस्था की ओर से बुधवार को सेवा समिति हाल मल्लीताल में किशोर व किशोरियों के साथ जिला स्तरीय संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में जिले के बेतालघाट,कोटाबाग तथा रामगढ ब्लाक से आये 65 किशोर किशोरियों ने प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व विमर्श संस्था की गायत्री दरमवाल की ओर से सभी को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विमर्श संस्था की ओर से कोटाबाग ब्लाक और बेतालघाट ब्लाक के 20 गांवों में किशोर व किशोरियों व युवाओं के संगठन बनाकर उनको प्रजनन, स्वास्थ्य तथा पोषण, महावारी, स्वच्छता प्रबंधन तथा जेंडर, हिसा तथा शादी की सही उम्र पर उनको सशक्त करने के लिए व उनके लिए समाज में अवसर बानने हेतु समुदाय व सरकार के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया गया कि भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किशोरो का है, जो देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, किशोरावस्था एक संवेदनशील और निर्णायक चरण होता है जिसमें सही मार्गदर्शन और समर्थन न मिलने पर अनेक शारीरिक, मानसिक और समाजिक चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।

संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यक्रम मैनेजर हेम जलाल दृरा किशोरावस्था में होने वाले बदलाव व उसके प्रभाव पर प्रतिभागियों की समझ बनायी गयी साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से किशोरो को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में चेष्टा संस्था के मुकुल कुमार की ओर से संस्था की ओर से किशोरो के साथ की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में किशोरी संगठन की चित्रा, प्रियंका, अजली, अक्षत, दिपांशु ने संगठन में जुड़ने के बाद उनके जीवन में आये बदलाव की कहानियों को साझा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने ने भावना कुंवर, हरीश, किशन बधानी, हंसी अधिकारी तथा राधा की ओर से सहयोग दिया गया।

# फिल्मी दुनिया

## बैंगलोर और राजस्थान के मैच के दौरान तनाव में दिखीं अनुष्का शर्मा





*सोशल मीडिया पर अनुष्का शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। अनुष्का स्टैंड में खड़ी है और काफी परेशान नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर तनाव साफ-साफ दिखाई दे रहा है। आईपीएल 2024 अब अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है। मौजूदा सीजन के केवल दो मैच बचे हैं। बीती रात रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच मैच खेला गया था, जिसमें आरसीबी को हार का सामना करना पड़ा। मुकाबला हारने के साथ ही टीम के फाइनल में जाने का सपना भी टूट गया। अपनी टीम की हार से मैदान में मौजूद आरसीबी के फैंस काफी दुखी नजर आए। फैंस के साथ-साथ विराट कोहली की पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी मायूम दिखाई दीं। सोशल मीडिया पर अनुष्का शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। अनुष्का स्टैंड में खड़ी हैं और काफी परेशान नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर तनाव साफ-साफ दिखाई दे रहा है। हम जानते हैं कि वो आरसीबी का उत्साह बढ़ाने और टीम का समर्थन करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं, लेकिन कल की हार से आरसीबी फैंस की तरह ही उन्हें भी धक्का लगा है। इस वीडियो में उन्हें गंभीर हाव-भाव के साथ अपने आस-पास मौजूद लोगों से बातचीत करते हुए भी देखा जा सकता है।*

### चकदा एक्सप्रेस से करेंगी वापसी

*अनुष्का शर्मा लंबे समय से फिल्मों से दूर चल रही हैं। उन्होंने आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में काम किया था। हालांकि, 2022 में रिलीज हुई फिल्म कला के गाने में भी उनकी झलक देखने को मिली थी, लेकिन उनके फैंस उनकी पूरी तरह से वापसी का इंतजार कर रहे हैं। अनुष्का शर्मा जल्द ही चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म के लिए अनुष्का ने काफी मेहनत की थी। अब देखना होगा कि लंबे समय के बाद उनकी वापसी कैसी रहेगी।*

## सितार वादक हर्षित को अवार्ड देकर द्वारा सम्मानित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी शहर के सबसे छोटी उम्र के सितार वादक व लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल कक्षा 11 के छात्र हर्षित को जागृति संस्था रेडियो गढ़वाली 90.8 कोटद्वार गढ़वाल अवार्ड देकर द्वारा सम्मानित किया गया है हर्षित ने अपने सितार वादन से कार्यक्रम की शुरुआत ऱाग् बिहाग बजाकर की ओर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस दौरान हर्षित के साथ तबले पर संगत प्रख्यात गायक व युवा कलाकार पंकज आर्य ने दी। हर्षित इस उपलब्धि है का श्रेय अपने दादा गुरु सुरेश कुमार (सितार वादक) व अपने पिता और गुरुजी अमृत कुमार संगीत अध्यापक को दिया हैं। हर्षित पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से पुरस्कृत हो चुके हैं उत्तराखंड गौरव अवॉर्ड रेडियो गढ़वाली द्वारा मुख्य अतिथि पदम श्री माधुरी बर्थवाल व पदमम भूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी पदमम डॉ कल्याण सिंह रावत रेडियो गढ़वाली के संपादक मनीष भट्ट व समीरथ नेगी( मोंटू) जी द्वारा दिया गया।

हर्षित की इस उपलब्धि पर उनके विद्यालय पहुंचने पर लैक्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य निर्देशक एस एस नेगी और शिक्षकों छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत कर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। और लोग उनकी भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।



News कॉर्नर

### आर्यसमाज का 133 वां वार्षिकोत्सव कल

**हल्द्वानी।** आर्यसमाज हल्द्वानी, अपना 133 वां वार्षिकोत्सव दि 24 मई से 26 मई को माानने जा रहा है। जिसमे आर्य जगत के अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान उपदेशक प्रो. डॉ वेद पाल आचार्य, संरक्षक परोपकरनी सभा अजमेर एवं भजनोपदेशक प. दिनेश पथिक (अमृतसर ) के भजनो के श्रवण का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम प्रतिदिन 2सत्रों मे होगा। इसकी जानकारी प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान प्रो. डॉ विनय खुल्लर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रात: कालीन सत्र 8बजे से 10.30 तक, सायं कालीन सत्र 6 बजे से 8 बजे तक होगा,रविवार पूर्णआहुति का कार्यक्रम होगा।

### दुकानों में घुसा मलबा, हाईवे तीन घंटे रहा बंद

**नैनीताल।** भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब क्षेत्र में बारिश में एनएच पर मलबा गिरने से बुधवार की शाम करीब तीन घंटे (शाम चार से सात बजे तक) यातायात बंद रहा। इसके चलते अल्मोड़ा और हल्द्वानी आने-जाने यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब क्षेत्र में बारिश में एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) पर मलबा गिरने से बुधवार की शाम करीब तीन घंटे (शाम चार से सात बजे तक) यातायात बंद रहा। इसके चलते अल्मोड़ा और हल्द्वानी आने-जाने यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्वारब निवासी दीवान सिंह की दुकान में बारिश का पानी घुस गया। जिससे दुकान में रखा सामान खराब हो गया। शाम सात बजे मलबे को हटाकर यातायात सुचारू किया गण। पहाड़ी से पत्थरों को गिरता देख पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सड़क को वनवे कर वाहनों को उन्हें आगे के लिए रवाना किया।

# श्री खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमोरी मुखानी में 32 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया और भंडारे का भव्य आयोजन हुआ। प्रात: शिव मंदिर मुखानी से ध्वज निशान यात्रा निकाली गई जो खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां भक्तों द्वारा प्रभु खाटू श्याम जी का श्रृंगार किया गया। गणेश पूजन व श्याम पूजन से कार्यक्रम शुरू हुआ। इस मौके पर भजन कीर्तन कर पूरा माहौल श्याममय कर दिया गया। पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री के नेतृत्व में पंडित निखिल उपाध्याय, त्रिलोक भट्ट, ललित मोहन पांडेय द्वारा पूजा अर्चना सम्पन्न करायी गयी। हवन के पश्चात





आरती हुई और प्रभु खाटू श्याम जी को भोग लगाया गया। भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण किया गया और हजारों भक्तों द्वारा भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। मंदिर समिति के जयप्रकाश अग्रवाल, मदनमोहन अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल,सिद्धांत अग्रवाल,विजय अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, सौम्या अग्रवालआदि ने पूजा अर्चना के बाद भंडारे की पूरी व्यवस्था संभाली। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,तरुण बंसल, सौरभ अग्रवाल,निवर्तमान पार्षद विनोद दानी, नेत्र बल्लभ जोशी, भवानी शंकर नीरज, कमल जोशी, गीता जोशी,मनीष कपिल,संदीप भोज सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# थाना गदरपुर में एसटीएफ की नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कुमाऊं एसटीएफ की एन्टी नारकोटिक्स यूनिट ने थाना गदरपुर क्षेत्र में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई करते हुए 2 अंतर्राज्यीय ड्रगड्ढतस्करों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार शबाना उर्फ गुलनाज पूर्व में भी स्मैक तस्करी में जनपद ऊधम सिंह नगर से कई बार जेल जा चुकी है।

उत्तराखंड राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम को उत्तराखंड में ड्रग्सड्ढफ्री देवभूमि अभियान चलाया जा रहा है। डीजीपी अभिनव कुमार के दिशा निर्देशन पर एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने ड्रग्स डीलरों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। सीओ एसटीएफ कुमाऊँ आरबी चमोला एवं



प्रभारी निरीक्षक एन्टी नारकोटिक्स पावन स्वरुप के नेतृत्व में टीम ने थाना गदरपुर क्षेत्र में पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मोतियापूर तिराहे के पास से 2 अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर हैदर अली व शबाना उर्फ गुलनाज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। दोनों पिछले कई सालों से उत्तराखंड में स्मैक की सप्लाई कर रहे थे। पूछताछ में बताया गया कि वह यह स्मैक मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खरीद कर गदरपुर,दिनेशपुर आदि मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहे थे। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि हैदर अली पुत्र निजामुद्दीन, निवासी तिकोनिया धोबियान मस्जिद के पास, थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, 2.शबाना उर्फ गुलनाज पत्नी नदीम निवासी तिकोनिया धोबिया मस्जिद के पास थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। टीम में एसआई विपिन जोशी, एएसआई जगबीर शरण,हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, इसरार अहमद,वीरेंद्र चौहान समेत थाना गदरपुर से एसआई पवन जोशी, गोरखनाथ, कुंदन सिंह, महिला हेड कांस्टेबल कृष्णा आदि शामिल रहे।

# बाइक सवार दो युवकों ने महिला को अगवा कर चलती बाइक से झाड़ियों में फैंका, गंभीर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**आरोप**

- आरोपियों पर छेड़छाड़ का भी आरोप, किसी राहगीर ने निजी

कोतवाली क्षेत्र में बाईक सवार दो युवकों ने एक महिला को पहले अगवा किया, फिर उससे छेड़छाड़ कर चलती बाईक से झाड़ियों में फैंक दिया। महिला लहूलुहान हालत में सड़क पर पहुंची तो उसे राहगीर ने निजी अस्पताल में पहुंचाया।

महिला के सिर पर भी गंभीर घाव के निशान हैं। महिला पति के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को घटना से अवगत कराया। भूरारानी क्षेत्र धर्मपुर निवासी गणेश घायल पत्नी को लेकर कोतवाली पहुंचा। गणेश ने ?वहां मौजूद एसआई दीपक कौशिक घटना से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वह सिडकुल की कंपनी में काम करता है और दो दिन पहले उसकी पत्नी घर भूरारानी जा रही। रास्ते में बाईक सवार दो युवकों ने पत्नी को अगवा कर बाईक पर बैठा लिया। पत्नी ने शोर शराबा मचाया। आरोप है कि दोनों ने पत्नी से छेड़छाड़ की, विरोध करने पर उसे चलती बाईक से झाड़ियों में फैंक दिया। वह बेहोश हो गई। सिर पर भी गंभीर चोट के घाव है। गणेश के मुताबिक पत्नी किसी तरह झाड़ियों से निकल कर सड़क पर पहुंची। इसी दौरान उसे एक राहगीर ने निजी अस्पताल में पहुंचा कर चला गया।

बताया कि वह मूल रूप से रानीखेत का रहने वाला है और यहां पर किराए पर रह कर कंपनी में काम करता है। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी को अगवा कर छेड़छाड़ करने वाले बाईक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

# सरकारी योजना का अनुदान दिलाने के नाम पर दो किसानों से लाखों की ठगी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सरकारी योजना का झांसा देकर अनुदान में ट्रेक्टर दिलाने के नाम पर कुछ लोगों ने दो किसानों से लाखों रूपये की धोखाधड़ी कर ली। अनुसूचित जाति जनजाति आयोग अध्यक्ष ने मामले का संज्ञान लेने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। ओमप्रकाश सिंह पुत्र लाल सिंह राणा निवासी ग्राम नगला सितारगंज व महेश सिंह राणा पुत्र स्व- किशन दास राणा निवासी ग्राम साधूनगर सितारगंज का कहना है कि दोनों थारु जाति के गरीब छोटे किसान हैं।

मई 2013 की दोपहर पूर्व परिचित ओम प्रकाश सिंह पुत्र सोडीराम निवासी ग्राम डोहरी सितारगंज के साथ उसने घर चार व्यत्तिफ् आये जिन्होंने अपना नाम पता रफीक सैफी पुत्र सूखा निवासी इस्लामनगर वार्ड 6 गदरपुर, सबडीलर महक मशीनरी स्टोर रूद्रपुर, सनब्बर अली पुत्र जुम्मा निवासी इस्लानगर वार्ड गदरपुर, मुजीवबैग सबडीलर महक मशीनरी स्टोर रूद्रपुर मैशीफर्गुशन और आश्यर कम्पनी ट्रैक्टर विक्रेता, सप्लायर और मैग्मा फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड कार्यालय हल्द्वानी जिला नैनीताल का सर्वे विकास अधिकारी बताया। अमन पुत्र हंसी निवासी ग्राम रोशनपुर गदरपुर। उन्होंने बताया कि तहसील सितारगंज में वर्ष 2013 में सरकारी योजना के अन्तर्गत अनुदान में अनुसूचित जनजाति (थारू जाति) के छोटे-छोटे गरीब किसानों को मैशीफर्गुशन कम्पनी व आयशर कम्पनी के ट्रैक्टर 6-7 लाख रूपये कीमत के ट्रैक्टर 75 प्रतिशत अनुदान पर सरकार द्वारा दिये जा रहे हैं। इस योजना में चयनित प्रत्येक किसान को दो-दो लाऽ रूपया नकद अपनी अपनी हिस्सा पूंजी नगद मैग्मा फाइनेन्स कम्पनी कार्यालय हल्द्वानी में जमा करनी अनिवार्य है। उनकी बातों पर विश्वास कर दोनों ने आवश्यक सभी कागजात और दो-दो लाख रुपए नकद लेकर महक मशीनरी स्टोर रूद्रपुर पहुंचे जहां दोनों के अलग अलग दस्तखत कराये व दो-दो लाख रूपया जमा कराकर कहा अगले माह ट्रैक्टर मिल जायेगे। लेकिन ट्रेक्टर नहीं मिले। 28-07-2013 दोनों महक मशीनरी स्टोर रूद्रपुर और मैग्मा फाइनेन्स कम्पनी कार्यालय हल्द्वानी पहुंचे जहां बैठे लोगों ने दोनों को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मार-पीट पर उतारू होकर धमकियों दी कि कोई कानूनी कार्यवाही की तो दोनों को इस फाइनेन्स कम्पनी के लाऽों रूपयों का फर्जी ऋण बकाया दिखा कर फर्जी ऋण की जबरन वसूली तुम लोगों की अचल-चल सम्पत्ति से वसूली करेंगे। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### सात चौराहों को चौड़ीकरण का कार्य शुरू

**नैनीताल।** जिला अधिकारी वंदना सिंह द्वारा नैनीताल शहर के सात चौराहों को चौड़ीकरण का कार्य गतिमान है बीते रोज बुधवार को गांधी चौक तल्लीताल में रोड पर स्थित पुलिस चौकी और टैक्सी प्रीपेड बूथ को हटा दिया गया है और रोडवेज स्टेशन पर कुमाऊनी शैली पर बनी बिल्डिंग में चौकी को विस्थापित कर दिया गया है और टैक्सी प्रीपेड बूथ को हल्द्वानी रोड पर एक कोने पर विस्थापित कर दिया है बता दें पूर्व स्थान से चौकी हटाने के बाद रोड काफी चौड़ी हो गई है।

# पेयजल संकट से गुस्साईं महिलाएं सड़क पर उतरी, लगाया जाम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शनिबाजार क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट से गुस्साईं महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने गुरुवार को शनि बाजार-मंडी बाईपास मार्ग पर बुग्गियां आड़े-तिरछे खड़ीं कर आवाजाही ठप कर दी। इस दौरान महिलाओं ने जल संस्थान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि करीब महीने भर से इलाके में पेयजलापूर्ति बाधित है, इस बारे में जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं



हुई। आवाजाही ठप कर दिये जाने की सूचना मिलने पर बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिलाओं को जैसे-तैसे शांत कराया। क्षेत्र की तमाम महिलाएं शकीला और नाजरा बेगम के नेतृत्व में सड़क पर उतर आईं। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही पेयजलापूर्ति दुरुस्त न की तो वे आंदोलन उग्र करेंगी।

# शिकायत निवारण समिति की बैठक दो साल बाद हुई, पार्षदों ने जताई नाराजगी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

तल्ली हल्द्वानी में पेयजल योजना (विश्व बैक परियोजना इकाई) को लेकर दो साल बाद हुई शिकायत निवारण समिति (जीआरसी) की बैठक में तमाम मुद्दे उठाये गये। इस दौरान निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने लंबे अंतराल के बाद हुई बैठक नाराजगी जताई।

उनका कहना था कि अफसर लंबे समय से नदारद रहे, वैसे हर महीने मीटिंग का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि दो से तीन महीने में बैठक बुलाई जानी चाहिए। बैठक में बिजली गुल होने पर हो रही परेशानी के निराकरण की भी मांग उठाई। इस पर प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश जोशी व सहायक



अभियंता वाईएस रावत ने बताया कि डीजी ईंजन व टैंकर के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत की गई है, जल्द ही समाधान किया जाएगा। स्थानीय लोगों को जलापूर्ति में परेशानी न हो इसका प्रयास किया जाएगा। प्रोजेक्टर मैनेजर ने आमजन से पानी बचाने की भी अपील की। निवर्तमान पार्षद मनोज ने अफसरों से पेयजल संबंधी समस्या का जल्द निराकरण करने का आग्रह भी किया। बैठक में निवर्तमान पार्षद दिनेश सिंह, जानकी बिष्ट, राजीवर, राजवीर, ललित, पंकज, माधुरी पंत, अनुपमा दुबे, विशाल, योगेश पंत आदि मौजूद थे।